समाचार

वार्ड क्र. 32 सतनाम नगर में बनेगी सी.सी. रोड व नाली

(राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने किया कार्य हेतु भूमिपूजन)

कोरबा 24 फरवरी 2022 – राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने नगर निगम कोरबा के वार्ड क्र. 32 अंतर्गत सतनाम नगर रिसदी में 14 लाख 83 हजार रूपये की लागत से होने जा रहे सी.सी. रोड व नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। उन्होने शिलान्यास पट्टिका का अनावरण एवं पूजा अर्चना कर कार्य का शुभारंभ कराया तथा पूर्ण गुणवत्ता के साथ कार्य संपादन करते हुए समयसीमा में कार्य पूरा करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा कोसाबाड़ी जोनांतर्गत वार्ड क्र. 32 सतनाम नगर रिसदी में 14 लाख 83 हजार रूपये की लागत से सी.सी. रोड व नाली का निर्माण कार्य कराया जाना हैं। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने मुख्य अतिथि के रूप में उक्त विकास कार्य का भूमिपूजन किया, उन्होने शिलान्यास पट्टिका का अनावरण किया, पूजा अर्चना की तथा कार्य का शुभारंभ कराया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद के द्वारा की गई तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में मेयर इन काउंसिल सदस्यगण, पार्षद व एल्डरमेनगण आदि उपस्थित थे। इस मौके पर राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल ने निर्माण कार्य के दौरान गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने तथा समयसीमा में कार्य को पूरा करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल ने भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि नगर निगम कोरबा द्वारा विभिन्न वार्डो में लगातार नए विकास कार्य प्रारंभ किए जा रहे हैं तथा यह विशेष ध्यान रखा जा रहा है कि सभी वार्डो में समान रूप से विकास कार्य हों। उन्होने आगे कहा कि विगत 06–07 वर्षो के दौरान निगम ने क्षेत्र में व्यापक पैमाने पर विकास कार्य किए है तथा बरसों से चली आ रही छोटी–बड़ी

समस्याओं का निराकरण इस दौरान हुआ है। उन्होने कहा कि कोरबा की सबसे कठिन समस्या पेयजल की समस्या थी, जिसका सम्पूर्ण निदान किया जा चुका है। इसी प्रकार ऊर्जानगरी होते हुए भी कोरबा की अनेकों बस्तियॉ अंधेरे में डूबी हुई थी किन्तु विगत 06–07 वर्षो में व्यापक पैमाने पर विद्युतीकरण के कार्य करते हुए सभी बस्तियों, पारों, ग्रामों, मार्गो व सड़कों में बिजली की सुविधा पहुंचाई जा चुकी है, जो अपने आप में महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उन्होने कहा कि जो नई बस्तियॉ व मोहल्ले बसे हैं, उनमें भी पानी पहुंचाने का काम किया जा रहा है, मेरा निरंतर प्रयास रहता है कि नागरिकों को पानी, बिजली, सड़क, नाली जैसी महत्वपूर्ण सुविधाओं से वंचित न होना पड़े तथा उन्हें यह सुविधाएं सुगम रूप से उपलब्ध हों। उन्होने आगे कहा कि विकास व निर्माण संबंधी जो भी आवश्यकताएं होंगी उन्हें अवश्य पूरा किया जाएगा।

इस अवसर पर मेयर इन काउंसिल सदस्य संतोष राठौर, पालूराम साहू, पार्षद अजय गोंड़, राजेश यादव, आनंद पालीवाल, संजय कंवर, चितरंजन साहू, हरिशंकर कंवर, श्यामबाई खुंटे, शंकर कंवर, हीरालाल खुंटे, पुष्पा खुंटे, रूपमति रात्रे, श्यामबाई जोशी, भजन सिंह, सुकृता कंवर,पी.एस.टोप्पो, विलियम तिर्की, नसल खान, संतराम खुंटे, लगन सिंह, मोतीलाल भारद्वाज, गनपत परमार, गिरनदास कोटवार, परवेश शर्मा, बेलसाय मिंज, ई.ई.मिंज, रूपेश, चंद्रिका डहरिया आदि के साथ काफी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे।